भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1972

उत्तर देने की तारीख : 30.07.2026

कोविलपट्टी में मूंगफली चिक्की से संबंधित एमएसएमई पर पश्चिम एशिया संघर्ष का प्रभाव

1972. श्रीमती कनिमोझी करुणानिधिः

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत पांच वर्षों के दौरान तूतीकुडी जिले के कोविलपट्टी क्षेत्र में मूंगफली चिक्की के विनिर्माण से संबंधित पंजीकृत एवं संचालित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) इकाइयों की वर्ष-वार कुल संख्या क्या है;

(ख) गत पांच वर्षों के दौरान बंद हो चुकी मूंगफली चिक्की इकाइयों की वर्ष-वार संख्या क्या है;

(ग) क्या सरकार अवगत है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग प्राप्त कोविलपट्टी मूंगफली चिक्की का खाड़ी देशों को निर्यात गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने कोविलपट्टी मूंगफली चिक्की के निर्यात में जारी व्यवधान के प्रभाव, जैसे प्रभावित विनिर्माताओं की संख्या, बिना बिके स्टॉक का अनुमानित मूल्य, निरस्त किए गए निर्यात ऑर्डर की संख्या एवं उनका मूल्य तथा आजीविका प्रभावित श्रमिकों की संख्या, का आकलन किया है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) : उद्यम पंजीकरण पोर्टल के अनुसार, गत पाँच वर्षों के दौरान, तमिलनाडु राज्य के तूतीकुडी (जिसे तूतीकोरिन के नाम से भी जाना जाता है) जिले में मूंगफली चिक्की के विनिर्माण से संबंधित पंजीकृत और प्रचालनरत एमएसएमई की वर्ष-वार संख्या **अनुबंध-I** पर है।

(ख) : उद्यम पंजीकरण पोर्टल के अनुसार, तमिलनाडु के तूतीकुडी (जिसे तूतीकोरिन के नाम से भी जाना जाता है) जिले में मूंगफली चिक्की के विनिर्माण से संबंधित किसी भी एमएसएमई ने अपना कार्य बंद नहीं किया है।

(ग) और (घ) : एमएसएमई मंत्रालय को भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग प्राप्त कोविलपट्टी मूंगफली चिक्की के निर्यात पर पड़ने वाले प्रभाव के संबंध में कोई विशिष्ट अभ्यावेदन प्राप्त नहीं हुआ है। हालांकि, सरकार ने 100 करोड़ रुपए प्रति उधारकर्ता तक 100% गारंटी कवर वाले एमएसएमई को कार्यशील पूंजी के उपयोग के उच्चतम स्तर का 20% तक प्रदान करने के लिए दिनांक 5 मई, 2026 को ईसीएलजीएस 5.0 लॉन्च किया है। ईसीएलजीएस 5.0 के तहत 2.55 लाख करोड़ रुपए के कुल परिव्यय में से, 2 लाख करोड़ रुपए एमएसएमई के लिए निर्धारित हैं।

*****

अनुबंध-I

लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1972, जिसका उत्तर दिनांक 30.07.2026 को दिया जाना है, के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

तमिलनाडु राज्य के तूतीकुडी (तूतीकोरिन) में उद्यम पंजीकरण पोर्टल पर मूंगफली चिक्की(एनआईसी कोड-10733) के विनिर्माण से संबंधित पंजीकृत एमएसएमई की वर्ष-वार संख्या	
वर्ष	एमएसएमई की संख्या
2020-21 (दिनांक 01/07/2020 – दिनांक 31/03/2021)	8
2021-22	12
2022-23	13
2023-24	13
2024-25	15
2025-26	6
कुल	**67**